Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government to construct the three floyovers in Rajnandgaon for the development of tribal areas.

श्री संतोष पाण्डेय (राजनंदगाँव): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । मेरे संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के आदिवासी विकास खंडों में तीन उच्च स्तरीय पुल की नितांत अपरिहार्य आवश्यकता है । पहला, विकासखंड मानपुर जो नक्सल प्रभावित एवं अति संवेदनशील क्षेत्र है, के ग्राम कोहका सीतागांव-औंधी-मुरूमगांव आलकन्हार नाला पर, दूसरा विकास खंड अम्बागढ़ चौकी के ग्राम विचारपुर-दोड़के के मध्य पुल निर्माण । इस विषय में यह जानना जरूरी है कि इसी लोक सभा चुनाव में ग्राम दोड़के के ग्रामीणों ने पुल निर्माण को लेकर चुनाव का बहिष्कार कर दिया था । तीसरा, विकासखंड मोहला के ग्राम भोजटोला व पाटन के मध्य शिवनाथ नदी पर पुल हेतु प्रशासकीय स्वीकृति हो चुकी है, किन्तु न जाने किस कारण विलम्ब हो रहा है? नाप-जोख, साफ-सफाई, चिन्हांकन के बाद भी यह काम रुक चुका है । मेरा निवेदन है कि ये तीनों पुल, जो नितांत आवश्यक हैं, इनका निर्माण किया जाए, जो ग्रामीणों और पूरे क्षेत्रवासियों के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं ।